प्रादेशिक समाचार
26.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

कोल्हान विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह आज चाईबासा स्थित विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। इस समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने पीएचडी के 66 एवं स्नातकोत्तर व स्नातक डिग्री के 169 विद्यार्थियो को स्वर्ण पदक से नवाजा। इस अवसर पर संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा व्यवस्था में नवाचार को नई दिशा व गति दी है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के जरिये पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था को व्यवहारिक बनाया जा रहा है।

****

राष्ट्र आज 76वां संविधान दिवस मना रहा है। इस अवसर पर संसद भवन के संविधान सदन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारतीय संसद विश्व के कई देशों के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने उल्ल्ेख किया कि संविधान निर्माता यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि संविधान के माध्यम से लोगों की सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा की रक्षा हो।

****

इधर, झारखंड में भी संविधान दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। लोहरदगा में उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा समाहरणालय परिसर में सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को देश की एकता और संप्रभुता की शपथ दिलायी गयी। उधर, सरायकेला–खरसांवा जिल में जिला व्यवहार न्यायालय, जिला समाहरणालय एवं सभी प्रमुख कार्यालयों और सरकारी–गैर सरकारी विद्यालयों में संविधान दिवस मनाया गया। गढ़वा में संविधान दिवस के मौके पर उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में सभी वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय प्रधान व कार्यालय कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया। जामताड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े कर्मियों ने पुराना कोर्ट परिसर में संविधान प्रस्तावना का पाठ पढ़ा और संविधान के प्रति निष्ठा, विश्वास , संकल्प एवं समर्पण की भावना व्यक्त किया। हजारीबाग में भी संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से पाठ कराया।

पाकुड़ जिले में पुलिस परिवार की ओर से सविंधान दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस केंद्र के अलावा सभी थानों एवं आउट पोस्ट में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक सेल का उदघाटन भी किया।

****

साहिबगंज जिले के हाजीपुर भिट्ठा और हाजीपुर दियारा क्षेत्र में भारतीय विमानन पत्तन प्राधिकरण की छह सदस्यीय टीम ने हवाई अड्डा निर्माण के लिए प्री विजिबिलिटी जांच की। यह टीम अगले दो दिनों तक सभी संभावित पहलुओं पर विचार किया करेगी।

****

सिमडेगा जिले में ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामपानी में ग्रामीणों ने आज से राष्ट्रीय उच्च पथ 143 को जाम कर दिया है। जाम के कारण आवागमन बाधित है और वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। ग्रामीण जंगली हाथी के आतंक से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र में लगभग 15 दिनों से एक हाथी मौजूद है, जिसके आतंक से लोग परेशान हैं।

****

जमशेदपुर स्थित एक्सएलआरआई ने विद्यार्थियों के हित में एक अनोखी पहल की है।

****

पाकुड़ जिले के नगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी है। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में अनुसंधान जारी है। पीड़िता की मेडिकल जांच करायी जा रही है।

*********समाप्त**********